# प्रेस नोट दिनांक 02.06.2025

## थाना किला जनपद बरेली

**थाना किला #bareillypolice द्वारा छिनैती की घटना करने वाले 04 शातिर अभियुक्तो को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गया गिरफ्तार, कब्जे से छिनैती का माल, घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल व तमंचे, कारतूस बरामद।**

**संक्षिप्त विवरणः-** दिनांक 30.05.2025 को वादिनी श्रीमती शालू वर्मा पत्नी श्री अनूप गुप्ता नि0 मो0 मुशीनगर विहारमान नगला थाना इज्जतनगर जनपद बरेली के किशन कुमार ज्वैलरी के दुकान से वापस अपने घर जाने के लिये कार में बैठते समय दो अभियुक्तों द्वारा पीछे से आकर झपटा मारकर उनके कंधे पर टंगा बैग (जिसमें लगभग एक लाख रुपये , एक मोबाइल ओप्पो ए77, क्रेडिट कार्ड व अन्य सामान सहित) लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 272/2025 धारा 304 BNS पंजीकृत किया गया था।

छिनैती की इस घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक किला मय पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। दौराने विवेचना अभियोग उपरोक्त में 1.रहीमुद्दीन पुत्र चन्दरूद्दीन निवासी परसाखेडा थाना सीबीगंज जनपद बरेली 2.सोहिल पुत्र लईकुद्दीन निवासी तिलियापुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली 3.मौ0 बिलाल पुत्र सुबाबुद्दीन निवासी ग्राम तिलियापुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली 4.आसिफ पुत्र इशाक निवासी परसाखेडा थाना सीबीगंज जिला बरेली के नाम प्रकाश में आये। दिनांक 02.06.2025 की बीती रात्रि जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि छिनैती की घटना कारित करने वाले दोनो अभियुक्त अपने दो अन्य साथियो के साथ बाकरगंज से दौली रघुवर दयाल रोड पर बरम बाबा के स्थान पर किसी अन्य घटना को अन्जाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मौके पर पहुंचकर अभियुक्तों की घेराबंदी की गयी तो पुलिस पार्टी से घिरा देखकर अभियुक्त आसिफ द्वारा अपने साथियो के ललकारने पर पुलिस पार्टी को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से तीन फायर किये गये। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में अभियुक्त आसिफ बांये पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। हे0कां0 अनूप दाहिने बाजू में गोली लगने के घायल हुये है। अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचे 315 बोर, 03 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर व छिनैती में गये वादिनी का आधार कार्ड, एक चैक पीएनबी, एक मोबाईल ओप्पो कम्पनी, एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड व कुल 50,000/- रूपये नगद ता घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल प्लेटिना रजि0 नं0 UP25DY3986 तथा हीरो स्पलेण्डर रजि0 नं0 UP25BL1554 बरामद हुये है। घायल अभियुक्त आसिफ व हे0कां0 अनूप को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी के आधार पर छिनैती के अभियोग में धारा 317(2) BNS की बढोत्तरी की गयी तथा पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 275/2025 धारा 109/352/3(5) BNS व 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.रहीमुद्दीन पुत्र चन्दरूद्दीन निवासी परसाखेडा थाना सीबीगंज जनपद बरेली उम्र करीब 25 वर्ष
2.सोहिल पुत्र लईकुद्दीन निवासी तिलियापुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली उम्र करीब 19 वर्ष
3.मौ0 बिलाल पुत्र सुबाबुद्दीन नि0 तिलियापुर थाना सीबीगंज जनपद बरेली उम्र करीब 27 वर्ष
4.आसिफ पुत्र इशाक नि0 परसाखेडा थाना सीबीगंज जिला बरेली उम्र करीब 22 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

1.02 तमंचे 315 बोर मय 03 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर
2.छिनैती में गये वादिनी का आधार कार्ड, एक चैक पीएनबी, एक मोबाईल ओप्पो कम्पनी, एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड व कुल 50,000/- रूपये नगद
3.घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल प्लेटिना व हीरो स्पलेण्डर

**गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 272/2025 धारा 304 /317(2) BNS थाना किला जनपद बरेली
2.मु0अ0सं0 275 /2025 धारा 109/352/3(5) BNS व 3/25 आयुध अधि0

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1.श्री राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना किला जनपद बरेली।
2.उ0नि0 श्री जुगमेन्द्र बालियान थाना किला बरेली जनपद बरेली।
3.उ0नि0 श्री वकार अहमद थाना किला जनपद बरेली।
4.उ0नि0 लाखन सिंह थाना किला जनपद बरेली।
5.हे0कां0 अनूप सिंह थाना किला जनपद बरेली।
6.हे0कां0 सरताज अली थाना किला जनपद बरेली।
7.हे0कां0 दीपपाल सिंह थाना किला जनपद बरेली।
8.कां0 विनय थाना किला जनपद बरेली।
9.कां0 मुकेश कुमार थाना किला जनपद बरेली।
10.कां0 आरिफ अली थाना किला जनपद बरेली
11.चालक हे0कां0 आबिद हुसैन थाना किला जनपद बरेली।